भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1390

08 दिसम्बंर, 2015 के लिए प्रश्न

''कच्चेि खाद्य तेल का आयात''

1390. **श्री एंटो एन्टोजनी:**

क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्ये क वर्ष और चालू वर्ष के दौरान आयातित कच्चें खाद्य तेल का देश-वार ब्यौकरा क्या ;है

(ख) क्या हाल ही में कच्चेव खाद्य तेल के आयात में तीव्र वृद्धि देखी गई; है

(ग) यदि हां, तो तत्संरबंधी ब्यौलरा क्यात है और इसके क्याच कारण हैं

(घ) क्याह किसानों ने खाद्य तेलों के आयात शुल्कय में वृद्धि करने की मांग की ;हैऔर

(ड़) यदि हां, तो तत्संाबंधी ब्यौशरा क्या है और इस पर सरकार की क्या; प्रतिक्रिया है

उत्तडर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री

(श्री राम विलास पासवान)

(क) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येनक वर्ष में और वर्तमान वर्ष के दौरान वाणिज्यिऔक आसूचना और सांख्यिीकीय महानिदेशालय (डीजीसीआईएस) के अनुसार आयातित कच्चेस खाद्य तेल का विवरण निम्नयलिखित तालिका में दिया गया है:-

(लाख टनों में मात्रा)

कच्चो वनस्प ति तेल का देश-वार आयात				
देश	**2012-13 (वित्तीय वर्ष)**	**2013-14 (वित्तीय वर्ष)**	**2014-15 (वित्तीय वर्ष)**	**2015-16 (सित'15 तक) (वित्तीय वर्ष)**
अर्जेन्टीिना	8.19	10.92	17.27	12.59
ब्राजील	2.19	2.26	4.4	3.17
कनाडा	0.16	0	0.07	0
इंडोनेशिया	47.45	35.15	40.3	20.68
मलेशिया	24.47	16.6	30.21	16.31
रूस	0.1	0	0.56	0.06
थाईलैण्ड	0.31	1.97	0.9	0.05
यू. ए. ई.	0.54	0.64	2.37	1.04
यूक्रेन	11.07	10.75	17.28	7.18
अन्य8	1.28	0.73	1.81	1.51
योग	**95.76**	**79.02**	**115.17**	**62.59**

(ख) और (ग) कच्चेि खाद्य तेलों के आयात में घरेलू उत्पा दन और खाद्य तेलों की मांग के बीच बढ़े हुए अंतर के कारण 2013-14 में 79.02 लाख टन से 2014-15 में 115.17 लाख टन तक की वृद्धि हुई है। कम और असामयिक वर्षा होने की वजह से देश में तिलहनों का उत्पा दन प्रभावित हुआ है, जिसके परिणामस्वशरूप खाद्य तेलों के घरेलू उत्पानदन में गिरावट आई है।

(घ) जी नहीं, खाद्य तेलों के आयात शुल्क् में वृद्धि करने के लिए किसानों से हाल ही में कोई प्रतिवेदन प्राप्ता नहीं हुआ है।

(ङ) प्रश्नव ही नहीं उठता।

****